दिनांक : 12.01.2026 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज शाम दिल्ली में 'यंग लीडर्स डायलॉग' को करेंगे संबोधित; देश-विदेश के 3000 युवाओं से करेंगे संवाद।
- युवा दिवस पर आज प्रदेशभर के स्कूलों में गूंजेगा 'वंदे मातरम', सामूहिक सूर्य नमस्कार में शामिल होंगे मुख्यमंत्री।"
- मुख्यमंत्री का बड़ा ऐलान-सोयाबीन के बाद अब सरसों पर भी भावांतर योजना लागू करने की तैयारी।
- प्रदेश में आज से शुरू होगा संकल्प से समाधान महा-अभियान; शिविर लगाकर सुलझाई जाएंगी जनता की समस्याएं।

राष्ट्रीय युवा दिवस-प्रधानमंत्री

आज राष्ट्रीय युवा दिवस है। आज ही स्वामी विवेकानंद जी की जयंती भी है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज शाम नई दिल्ली में विकसित भारत यंग लीडर्स डॉयलांग 2026 के समापन सत्र में शामिल होंगे। श्री मोदी अंतरराष्ट्रीय संगठनों के युवा प्रतिनिधियों सहित देश विदेश के करीब तीन हजार युवाओं से बातचीत करेंगे।

राष्ट्रीय युवा दिवस-मुख्यमंत्री

राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर आज प्रदेशभर के स्कूलों में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भोपाल के सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय में विद्यार्थियों के साथ सूर्य नमस्कार करेंगे। सुबह 9ः30 से 10ः15 बजे तक आकाशवाणी से राष्ट्रगीत वंदे मातरम्, स्वामी विवेकानंद का संदेश और मुख्यमंत्री का संबोधन प्रसारित होगा, जिसके संकेतों पर सामूहिक सूर्य नमस्कार व प्राणायाम किया जाएगा। इस मौके पर भोपाल, ग्वालियर, नर्मदापुरम और जबलपुर में भी राष्ट्रीय युवा दिवस के कार्यक्रम आयोजित होंगे।

आज से ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भोपाल के वॉटर स्पोर्ट्स अकादमी में खेलो एमपी यूथ गेम्स का शुभारंभ करेंगे। इस दौरान देश में पहली बार दर्शकों को 4ज्ञ वॉटर प्रोजेक्शन देखने को मिलेगा। यह वॉटर प्रोजेक्शन दर्शकों को एक इमर्सिव और सिनेमाई अनुभव प्रदान करेगा, जो अब तक राज्य स्तर के किसी भी खेल आयोजन में देखने को नहीं मिला है।

"संकल्प से समाधान" अभियान-मुख्यमंत्री

आज युवा दिवस से ही प्रदेश में "संकल्प से समाधान" अभियान की शुरुआत हो रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया कि यह अभियान 31 मार्च 2026 तक चार चरणों में चलेगा। इसका उद्देश्य शासन की योजनाओं और सेवाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुँचाना है। अभियान के तहत गांव, वार्ड, क्लस्टर, ब्लॉक और जिला स्तर पर शिविर लगाए जाएंगे। आवेदन और शिकायतों की पूरी प्रक्रिया सीएम हेल्पलाइन पोर्टल के माध्यम से की जाएगी। नागरिक खुद भी पोर्टल पर आवेदन दर्ज कर सकेंगे।

प्रधानमंत्री-गुजरात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि वैश्विक अनिश्चितता के बीच भारत में अभूतपूर्व स्थिरता का वातावरण है। कल राजकोट में कच्छ और सौराष्ट्र क्षेत्रों के लिए आयोजित दो दिवसीय वाइब्रेंट गुजरात क्षेत्रीय सम्मेलन के उद्धाटन समारोह में श्री मोदी ने कहा कि भारत तेजी से विकसित राष्ट्र बनने की राह पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि गुजरात का सौराष्ट्र-कच्छ क्षेत्र विनिर्माण, पर्यावरण अनुकूल विकास और गतिशीलता के एक प्रमुख केंद्र के रूप में उभरा है।

सौराष्ट्र और कच्छ, भारत की ग्रीन ग्रोथ का, ग्रीन मोबिलिटी का और एनर्जी सिक्यूरिटी का भी एक बड़ा हब बन रहा है। कच्छ में 30 गीवा वॉट कैपेसिटी का रेनूएबल एनर्जी पार्क बन रहा है, ये दुनिया का सबसे बड़ा हाइब्रिड एनर्जी पार्क होगा।

किसान कल्याण वर्ष-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल भोपाल में किसान कल्याण वर्ष 2026 का शुभारंभ करते हुए कहा कि किसानों का समग्र कल्याण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य होगा, जहाँ पूरे साल किसान कल्याण की गतिविधियाँ चलेंगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि सोयाबीन के बाद अब सरसों पर भी भावांतर योजना लागू करने का प्रयास किया जायेगा। वहीं कल कटनी, मंडला, नर्मदापुरम, बैतूल, डिंडौरी, ग्वालियर सहित प्रदेशभर में जिला स्तरीय कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

मध्यप्रदेश स्टार्टअप समिट-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज भोपाल में मध्यप्रदेश स्टार्टअप समिट 2026 के दूसरे दिन का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री समिट के साथ स्टार्टअप एवं इनोवेशन प्रदर्शनी का भी उद्धाटन करेंगे। दूसरे दिन की शुरुआत स्टार्टअप पिचिंग सेशन फाइनल्स से होगी, जहां चयनित स्टार्टअप्स अपने नवाचार और निवेश संभावनाएं विशेषज्ञ जूरी के सामने प्रस्तुत करेंगे। इस अवसर पर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य कुमार काश्यप भी मौजूद होंगे।

अच्छी खबर-रतलाम

रतलाम जिले में उद्यानिकी फसलों का रकबा लगातार बढ़ता जा रहा है। केंद्र सरकार की एकीकृत बागवानी योजना से सभी विभागों के समन्वय संग किसानों को जो लाभ मिल रहा है। रतलाम उद्यानिकी फसलों के उत्पादन में प्रदेश में चौथे पायदान पर पहुंच कर सफलता हासिल करने में सफल हुआ है, पैश है एक रिपोर्ट.....

*जिले में प्रतिवर्ष 11 लाख मैट्रिक टन फसलों का उत्पादन हो रहा है। मुख्य रूप से रतलाम का अमरुद शिमलावदा और आसपास के गांव से होता हुआ मुंबई दिल्ली से हो कर के दुबई यूएई तक जा रहा है। इसके साथ ही अंगूर, ड्रैगन फ्रूट, स्ट्रॉबेरी, अंजीर की खेती में रतलाम जिले का नाम पूरे देश में पहले ही पहचान बन चुका है। कृषि विभाग, उद्यानिकी और जिला पंचायत के संबंध में से प्रयास हो रहे हैं। इसी क्षेत्र के किसान सोहनलाल बताते हैं कि..*

*अब सब्जी, फल और फूल रतलाम की नई पहचान बनते जा रहे हैं।*

*रतलाम से मैं अदिति मिश्रा।*

प्रगति रिपोर्ट

सुशासन और योजनाओं के समय से कार्यान्वयन के लिए प्रधानमंत्री के प्रमुख तंत्र- प्रगति ने अपनी पचासवीं बैठक के साथ महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। प्रगति तंत्र के माध्यम से प्रधानमंत्री की सीधी समीक्षा और निगरानी के कारण बुनियादी ढांचागत परियोजनाओं की समयबद्ध निगरानी और जन शिकायतों का समाधान सम्भव हुआ है। एक दशक से भी लंबे समय के दौरान प्रगति से निर्णय लेने की प्रक्रिया तेज हुई है और परियोजनाओं में विलम्ब के कारणों का समाधान हुआ है, साथ ही जवाबदेही भी तय हुई है। विशेष श्रृंखला में आज प्रस्तुत है राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-56 के लखनऊ-सुल्तानपुर खंड को चार लेन बनाए जाने पर...

*लखनऊ, सुल्तानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग 56 के 127 किलोमीटर लंबे खंड को चार लाइन में विस्तारित करना मध्य और पूर्वी उत्तर प्रदेश की सड़क और संरचना के उन्नयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण परियोजना है। इस परियोजना को 4 मई 2016 को 2000 करोड रुपए से अधिक की लागत से स्वीकृति दी गई थी। यह कॉरिडोर लखनऊ, बाराबंकी, अमेठी और सुल्तानपुर जिलों से होकर गुजरता है। हालांकि इंजीनियरिंग कार्यों में निरंतर प्रगति हो रही थी लेकिन परियोजना के क्रियान्वयन के दौरान भूमि अधिग्रहण और पर्यावरणीय प्रबंधन से जुड़ी गंभीर चुनौतियां सामने आई। कुल 686 हेक्टेयर भूमि की आवश्यकता के मुकाबले प्रारंभ में केवल 337 हेक्टेयर भूमि उपलब्ध हो सकी थी। इस परियोजना को 25 अप्रैल 2018 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रगति की बैठक में समीक्षा की गई जो एक निर्णायक पहल साबित हुई। समीक्षा के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार को शेष भूमि का शीघ्र अधिग्रहण कर उसे सौंपने और मुआवजे का त्वरित भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय को राज्य सरकार के समन्वय से कार्य की गति को तेज रखने के साथ-साथ कड़ी निगरानी रखने का भी निर्देश दिया गया। प्रगति बैठक के बाद प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में उत्तर प्रदेश सरकार ने भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को तेज किया, जिससे शेष भूमि का पूर्ण अधिग्रहण हो सका। वैधानिक और भूमि संबंधी बधाओं के दूर होने के बाद एन. एच. ए. आई. ने मानव संसाधन और मशीनरी की तैनाती में उल्लेखनीय वृद्धि की। परिणामस्वरूप परियोजना ने शत प्रतिशत भौतिक प्रगति हासिल की और 30 अप्रैल 2019 को इसे राष्ट्र को समर्पित किया गया। यह परियोजना इस बात का उत्कृष्ट उदाहरण है कि प्रगति के माध्यम से सक्षम समन्वय और समय पर निर्णय लेकर भूमि एवं पर्यावरण संबंधी चुनौतियों को दूर करते हुए महत्वपूर्ण परियोजनाओं को सफलतापूर्वक पूरा किया जा सकता है। इस परियोजना से संबंधित क्षेत्र में व्यापक सामाजिक और आर्थिक प्रगति भी हुई। अनुपम मिश्र के साथ आनंद कुमार आकाशवाणी समाचार दिल्ली।*

समाचार संक्षेप में .....

- धार जिला मुख्यालय पर कल वीबी जी राम जी योजना पर केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर नगरीय प्रशासन मंत्री, कैलाश विजयवर्गीय एवं भाजपा जिलाध्यक्ष  निलेश भारती ने पत्रकार वार्ता को संबोधित किया।
- भोपाल में इलेक्ट्रो होम्योपैथी के जनक डॉ. काउंट सीज़र मैटी की जयंती पर वैकल्पिक चिकित्सयक महा सम्मेलन का आयोजन किया गया, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर मुख्य अतिथि रहे।
- छिंदवाड़ा सांसद बंटी विवेक साहू ने जुन्नारदेव में फूड पाइजनिंग से बीमार हुए मरीजों के बेहतर इलाज के निर्देश अधिकारियां को दिए है।
- कटनी में बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक में कलेक्टर ने जोखिमग्रस्त परिस्तिथियों में निवासरत बच्चों को मिशन वात्सल्य से जोड़ने के निर्देश दिये।
- नीमच में प्रति मंगलवार आयोजित होने वाली जनसुनवाई के साथ अब जल सुनवाई भी आयोजित की जाएगी।
- डिंडोरी में पंखिनी योजना अंतर्गत पंजीकृत बालिकाओं में से चयनित बालिकाओं के लिए नि:शुल्क कोचिंग कक्षाओं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन एंट्रेंस कल आयोजित किया गया।

-------